अति–आवश्यक _E-MAIL_

राजस्थान सरकार
राजस्व मण्डल राजस्थान,अजमेर

क्रमांकःराम/भू.अ./एल.आर.सी./प–80/04/ 13531 दिनांक 28.10.04

जिला कलेक्टर,
समस्त, राजस्थान ।

विषयः– बकाया नामान्तरकरणों का कम्प्यूटर में इन्द्राज करने बाबत ।

महोदय,

विषयान्तर्गत, कम्प्यूटराईजशन ऑफ लैण्ड रेकार्ड योजना के अन्तर्गत जिलों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विदित है कि तहसीलों में बकाया नामान्तरकरणों का इन्द्राज होना काफी संख्या में पेन्डिंग है चूंकि नामान्तरकरणों का सही समय पर इन्द्राज किया जाना ही रेकार्ड का अपडेशन है इसलिये रेकार्ड के सही समय पर अपडेशन किया जाना भी आवश्यक है ।

इस संबंध में राजस्व (ग्रुप–2) विभाग के पत्र क्रमांकः प–7(32)राज/2/97/पार्ट दिनांक 19.08.1999 के द्वारा जमाबन्दियों को आदिनांक किये जाने के संबंध में अपनाये जाने वाली प्रक्रिया पेरा–5 में उल्लेखित की गई है । इसी के पैरा के 5(3) के अनुसार " ऐसे समस्त जमा कराये जाने वाले नामान्तरकरणों की तहसील परत के पृष्ठ भाग पर हल्का पटवारी द्वारा यह नोट अंकित किया जावेगा– इस नामान्तरकरण का अमलदरामद दिनांक .... को निम्न प्रकार से जमाबन्दी के खाता नम्बर .... में कर दिया गया है हस्ताक्षर पटवारी, जांचकर्ता, भू.अ. निरीक्षक।"

मण्डल के यह ध्यान में लाया गया है कि उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना नहीं हो रही है जो किया जाना सुनिश्चित किया जाये । इसके साथ ही यह भी निवेदन है कि पटवारी द्वारा प्रत्येक माह तहसील की बैठक में गत माह निर्णित हुए नामान्तरकरणों की परत तहसील में जमा कराई जाने की व्यवस्था है, इनमें से कितने निर्णित हुये व कितने शेष रहे है ? इसकी स्थिति ज्ञात करने के लिये पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रत्येक जिले की मुख्यालय की तहसील में यह प्रक्रिया अपनाई जावे कि तहसील के पटवारी अपने मासिक सारांश में ग्रामवार निर्णितशुदा नामान्तरकरण की अंतिम क्रम संख्या तथा निर्णित से शेष रहे नामान्तरकरणों के क्रमांक भी दर्ज करेंगे इसकी सूचना प्रत्येक माह आफिस कानूनगों संकलित कर तहसील के अपना खाता केन्द्रों के रिर्सोस पर्सन (पटवारी) को नोट करायेंगे जिससे ग्रामवार निर्णितशुदा नामान्तरकरणों की अन्तिम स्थिति तथा बकाया रहे नामान्तरकरणों की स्थिति ज्ञात हो सके ।

भवदीय,

निबन्धक
राजस्व मण्डल राजस्थान,
अजमेर

दिनांक

क्रमांकः राम/सम/

1. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक एवं एस.आई.ओ.,एन.आई.सी., राजस्थान राज्य ईकाई, कमरा नं.–318, उत्तर पश्चिम खण्ड, सचिवालय, जयपुर ।
2. ए.सी.पी., राजस्व मण्डल राजस्थान,अजमेर ।

उप–निबन्धक (भू.अ.),
राजस्व मण्डल राजस्थान,अजमेर

F:/C.M.REPORT/LRC,SS4